**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
FRIDAY, APRIL 21, 2023

NEWSPAPERS

# DDA conducts draw of lots for JJ dwellers of Jailorwala Bagh

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** The Delhi Development Authority (DDA) has conducted a draw of lots of 1,093 households for rehabilitation of JJ dwellers residing in Ashok Vihar's Jailorwala Bagh.

The computerised draw was organised on Wednesday. A total of 1,675 EWS flats, measuring 400 sqft, will be prepared for possession by July 31 in the area, said DDA officials.

"There are 1,645 JJ dwellers in Jailorwala Bagh, of whom 1,093 were found eligible as per DUSIB guidelines adopted by DDA for allocating flats under the in-situ rehabilitation project. The remaining JJ dwellers can pursue the matter with the appellate authority," said an official.

The total cost incurred by DDA for construction is Rs 421.8 crore. Eligible families will have to pay Rs 171,000, including Rs 1,41,000 in beneficiary contribution and Rs 30,000 as maintenance charges for five years. Each flat has two rooms, a kitchen, a bathroom, a toilet and a balcony.

"DDA will subsidise each flat by about Rs 24 lakhs. The flats have been constructed with the latest Mivan technology, where all components of the buildings are made of concrete and the use of bricks is eliminated. Each tower has a lift and an open recreational space on the eighth floor. We have also made provision for community halls, shops, anganwadi, a classroom, clinic and children's daycare centre in tower C," said the official.

A basement measuring 11,024 sqm has been constructed for parking. Additionally, there is a provision for surface parking. "Ample green spaces of 9,257 sqm have been provided on the project site. There is a provision of a sewage treatment plant, based on moving bed biofilm reactor technology, for watering the green spaces," DDA said in a statement.

DJB will provide a triple water supply system and non-potable water requirements will be met by treated underground water and STP, said DDA. A boundary wall will ensure the residents' safety, it added.

This is DDA's second in-situ rehabilitation project. In November 2022, PM Narendra Modi inaugurated 3,024 newly-constructed EWS flats at Kalkaji, built for rehabilitating slum-dwellers and handed over keys to eligible beneficiaries at Bhoomiheen camp.

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 21 अप्रैल 2023

# जेलरवाला बाग : 31 जुलाई तक मिलेंगे फ्लैट्स

विस, नई दिल्ली : 'जहां झुग्गी वहीं मकान' योजना के तहत डीडीए ने जेलरवाला बाग के लोगों के लिए ड्रॉ लॉट्स का आयोजन किया। उम्मीद जताई जा रही है कि 31 जुलाई तक लोगों को फ्लैट्स के पजेशन मिल जाएंगे।

जेलरवाला बाग, अशोक विहार के कुछ हिस्सों की जेजे कॉलोनियों में रहने वाले 1093 घरों के लिए इस ड्रॉ लॉट्स का आयोजन हुआ। यहां पर 1675 ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स बनकर तैयार हैं। हर फ्लैट का साइज करीब 400 स्क्वायर फीट है। डीडीए का यह प्रोजेक्ट 421.81 करोड़ रुपये में तैयार हुआ है। लाभार्थी परिवार को इस फ्लैट के एवज में 1,71,000 रुपये देने होंगे। इसमें 1,41,000 लाभार्थी की हिस्सेदारी और 30 हजार रुपये पांच वर्षों का मेंटिनेंस चार्ज है। डीडीए हर फ्लैट्स पर करीब 24 लाख रुपये की सब्सिडी दे रही है।

हर फ्लैट्स में दो कमरे, एक किचन, एक बाथरूम, एक टॉयलेट और बालकनी शामिल है। यह फ्लैट्स आधुनिक एमआईवीएएन टेक्नालॉजी के आधार पर बनाए गए हैं। हर टावर की आठवीं मंजिल पर ओपन रिक्रिएशनल स्पेस है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नई दिल्ली, 21 अप्रैल, 2023 **दैनिक जागरण** ----------DATED----------


# सराय काले खां फ्लाईओवर के निर्माण में हुई देरी, अब जुलाई में मिलेगी जाम से निजात

## मई तक पूरा होना था 600 मीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली:** जिस तरह से सराय काले खां में अंतरराज्यीय बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन के बाद रैपिड रेल का प्रमुख स्टेशन भी बनने जा रहा है, इससे आने वाले समय में सराय काले खां में जाम की समस्या अभी और बढ़ेगी। इसे देखते हुए रिंग रोड पर सराय काले खां बस अड्डे के सामने फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इस पर काम चल रहा है। इसका कार्य मई तक पूरा किया जाना था, मगर अब यह कार्य जुलाई तक पूरा होने की उम्मीद है।

फ्लाईओवर में काम अभी काफी बचा है, हालांकि काम तेजी से चल रहा है। वैसे लोक निर्माण विभाग अभी दावा कर रहा है कि इस कार्य को जून अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। जानकारों के मुताबिक काम जुलाई के अंत तक पूरा हो जाएगा। इसके बनने से रिंग रोड पर सराय काले खां में यातायात सिग्नल फ्री किया जाएगा।

योजना के तहत सराय काले खां बस अड्डे के सामने पहले से तीन लेन का सिंगल फ्लाईओवर बना है। इतनी ही चौड़ाई वाला एक नया फ्लाईओवर इसके साथ ही बनाया जा रहा है। अभी पहले से बने फ्लाईओवर से आश्रम की ओर से आकर वाहन चालक आइटीओ या यमुनापार की ओर जाते हैं। अब बन रहे फ्लाईओवर से लोग आइटीओ व एनएच-9 तथा यमुनापार की ओर से आकर आश्रम की ओर जा सकेंगे। इससे उन्हें सराय काले खां पर जाम में नहीं फंसना पड़ेगा।



सरायं काले खां मार्ग पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का तैयार पिलर • जागरण

**57.7 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट:** फ्लाईओवर निर्माण के लिए 2022 की शुरुआत में टेंडर जारी किया गया था। इस पर 57.7 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फ्लाईओवर करीब 600 मीटर लंबा है। इसके ठीक नीचे टी-जंक्शन पर दो यूटर्न भी बनाए जाएंगे। सराय काले खां बस अड्डा के सामने पुराना फ्लाईओवर सन 2000 में बनाया गया था। पुराना सिंगल फ्लाईओवर डीडीए द्वारा बनाया गया था। उस समय डीडीए ने एक ही समय दिल्ली में सात फ्लाईओवर बनाए थे। ये सभी टी-प्वाइंट पर बनाए गए थे। बाद में रखरखाव के लिए इसे लोक निर्माण विभाग को दे दिया गया था।

### मानवयुक्त रेलवे क्रासिंग पर बनेंगे रेलवे ओवर ब्रिज

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली:** मानवयुक्त क्रासिंग के कारण तीन प्रमुख रेलवे लाइनों के आसपास भारी ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए पीडब्ल्यूडी दिल्ली-अंबाला लाइन पर आठ रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज, रेलवे अंडर ब्रिज व सीमित ऊंचाई सबवे बनाने की योजना बना रहा है। इन्हें दिल्ली-बठिंडा और दिल्ली भरूच लाइन पर बनाया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि ये रेलवे लाइनें और क्रासिंग उत्तर पश्चिम और पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में स्थित हैं। पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चौकीदारों वाली क्रासिंग के कारण प्रतीक्षा समय बढ़ जाता है। लाखों वाहन यहां से गुजरते हैं और विभिन्न काम या व्यवसाय आदि के लिए दैनिक आधार पर इन क्रासिंग का उपयोग करते हैं। कभी-कभी लोग जल्दबाजी में अपनी जान जोखिम में भी डालते हैं। इससे दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए भीड़ कम करने और एक सिग्नल मुक्त क्रासिंग के लिए विभाग ओवर और अंडरब्रिज बनाने पर विचार कर रहा है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

Hindustan Times NEW DELHI FRIDAY APRIL 21, 2023 -----------------DATED----------------------

# Feasibility study for bridges on rly crossings in busy areas

HT Correspondent

letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi government's Public Works Department (PWD) on Thursday said that it will undertake a study to check the feasibility of construction of bridges and underpasses at major railway crossings in north-west and south-east Delhi, officials aware of the matter said.

These crossings are located along the busy Delhi-Ambala line, Delhi-Bathinda line and Delhi-Bharuch line, the officials added.

The study will be completed in the next two months, a senior PWD official associated with the project said.

To be sure, it may take years before construction of any underpass can begin, if at all.

The process will involve PWD and Northern Railways to get the idea approved from the Unified Traffic and Transportation Infrastructure (Planning & Engineering) Centre (UTTIPEC) of the Delhi Development Authority (DDA), get a clearance from a host of public agencies, seek sanction of funds from railways, and also satisfy all stakeholders before any work starts on ground.

Northern Railways officials did not respond to queries despite repeated attempts.

A senior PWD official said that these railway crossings are located in densely populated areas. "As the city has expanded, we have seen development of new colonies along these railway lines. The manned crossings pose safety risks and also lead to regular traffic snarls. The bridges and underpasses are being planned to decongest the areas," the official said, requesting anonymity.

The Delhi-Ambala line passes through the Narela-Bhorgarh region; the Delhi-Bathinda line passes through the north-west areas of Ghevra-Sawda and Mangolpuri; and the third set of crossings along the Delhi-Bharuch line are located in the Badarpur-Jaitpur belt in south-east Delhi.

A second PWD official said that the scope of the feasibility study will include the traffic volume for light and heavy vehicles over 24 hours and in weekly cycles. "We will carry out the cost-benefit analysis of the schemes by taking into account the economic costs involved in the development of underpasses, and the the environmental and social costs in implementing the projects," the second official said.

"At some of these locations, these bridges or underpasses can help save travel time, fuel and curb vehicular emissions as people are forced to take detours along Rohtak Road, Outer Ring Road and GT Karnal road to avoid congestion around railway crossings," the official added.

"The consultant will submit the layout drawing of underpass along with design proposals regarding main carriageway, footpath, service road, non-motorised vehicle lane and central verge as per UTTIPEC street design guidelines," he said.

UTTIPEC provides the final nod to all infrastructure-related projects in Delhi.



PWD minister Atishi inspects the Bhairon Marg underpass, part of the Pragati Maidan tunnel project, on Thursday. HT PHOTO

# Draw of lots for EWS flats in Ashok Vihar

HT Correspondent

letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority (DDA) on Thursday conducted a draw of lots for 1,093 houses as part of the rehabilitation of jhuggi-jhopdi dwellers of Jailorwala Bagh in north Delhi's Ashok Vihar. This is DDA's second rehabilitation project in the Capital.

In November 2022, Prime Minister Narendra Modi inaugurated 3,024 newly constructed EWS flats at Kalkaji built by DDA to rehabilitate slum dwellers. DDA has undertaken the in-situ rehabilitation of 376 JJ clusters in the city.

Officials said that 1,675 EWS flats of 400 square feet area in Jailorwala Bagh are likely to be ready for possession by the end of July at a cost of ₹421.81 crore. Each of these flats comprises two rooms, one kitchen, one bathroom, one toilet, and a balcony. "The objective of the rehabilitation project is to provide the residents of JJ clusters with a better and healthy living environment. The flats have been constructed using MIVAN technology wherein all components of the buildings are made of concrete. Every tower is equipped with a lift and an open recreational space on the eighth floor," said a DDA spokesperson.

Eligible families will have to pay ₹1,71,000, which includes ₹1,41,000 as beneficiary contribution of the flat and ₹30,000 as maintenance charge for five years. This is after a subsidy of around ₹24 lakh on every flat. These flats also have facilities such as access to community halls, four shops, Anganwadi classrooms, clinics and children's daycare centres.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

DATED



# प्रदूषण के खिलाफ 30 विभागों ने सौंपी अपनी रिपोर्ट : गोपाल राय

## पर्यावरण मंत्री ने समर एक्शन प्लान को लेकर की बैठक

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** गर्मियों में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पिछले वर्ष के समर एक्शन प्लान की सफलता के बाद इस वर्ष 16 फोकस बिंदुओं के साथ सरकार समर एक्शन प्लान जारी करने जा रही है। इसी संदर्भ में बृहस्पतिवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागों के साथ एक समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में समर एक्शन प्लान से संबंधित 30 विभागों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट व सुझाव पर्यावरण विभाग को सौंपे। पर्यावरण विभाग को समर एक्शन प्लान के तहत सभी विभागों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समर एक्शन प्लान की विस्तृत रिपोर्ट 24 अप्रैल को सौंपी जाएगी।



पर्यावरण मंत्री गोपाल राय

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए आप सरकार निरंतर कार्यरत रही है। पिछले वर्ष सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए. शुरू किए गए विंटर एक्शन प्लान का नतीजा यह रहा कि दिल्ली में पीएम-10 और पीएम-2.5 की मौजूदगी में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही पिछले आठ साल में प्रदूषण स्तर में भी लगभग 30 प्रतिशत से ज्यादा की कमी देखी गई है। इस वर्ष भी सरकार गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए 16 फोकस बिन्दुओं पर आधारित समर एक्शन प्लान लेकर आ रही है। इसके लिए विभाग द्वारा 12 अप्रैल को सभी संबंधित विभागों के साथ संयुक्त बैठक की गई थी। उस बैठक के दौरान सभी विभागों को 20 अप्रैल तक समर एक्शन प्लान के तहत निर्धारित 16 फोकस बिंदुओं के आधार पर कार्ययोजना तैयार कर अपनी रिपोर्ट पर्यावरण विभाग को सौपने के निर्देश दिए गए थे। बृहस्पतिवार को विभिन्न विभागों द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए दिल्ली सचिवालय में संयुक्त बैठक की गई। बैठक में पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी, विकास विभाग, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड, सीपीडब्ल्यूडी, डीडीए, दिल्ली पुलिस, डीटीसी, राजस्व विभाग, डीएसआइआइडीसी, शिक्षा विभाग, डीएमआरसी, पीडब्ल्यूडी, ट्रांसपोर्ट विभाग, एनएचएआइ, दिल्ली जल बोर्ड, डूसिब, एनडीएमसी, एमसीडी आदि के अधिकारी शामिल रहे।

बेहतरी की उम्मीद ›› संपादकीय

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- नई दिल्ली। शुक्रवार • 21 अप्रैल • 2023

राष्ट्रीय सहारा

# समर एक्शन प्लान को लेकर 30 विभागों ने सौंपी रिपोर्ट : राय

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

दिल्ली में गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए केजरीवाल सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पिछले वर्ष के समर एक्शन प्लान की सफलता के बाद इस वर्ष 16 फोकस बिन्दुओं के साथ सरकार समर एक्शन प्लान को लांच करने जा रही है। इसी सन्दर्भ में बृहस्पतिवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में सभी सम्बंधित विभागों के साथ समर एक्शन प्लान को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में समर एक्शन प्लान से संबंधित 30 विभागों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट/सुझाव पर्यावरण विभाग को सौंपे। पर्यावरण विभाग को समर एक्शन प्लान के तहत सभी विभागो द्वारा दी गई रिपोर्ट/सुझावों के आधार पर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए है। समर एक्शन प्लान की विस्तृत रिपोर्ट 24 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल को सौंपी जाएगी।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि

■ प्रदूषण के खिलाफ 16 बिंदुओं पर केंद्रित दिल्ली सरकार समर एक्शन प्लान लांच करेगी

■ पर्यावरण विभाग को समर एक्शन प्लान के तहत सभी विभागों द्वारा दी रिपोर्ट/सुझावों के आधार पर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के दिए गए निर्देश

प्रदूषण की रोकथाम के लिए केजरीवाल सरकार निरंतर कार्यरत रही है। पिछले वर्ष सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए शुरू किए गए विंटर एक्शन प्लान का नतीजा यह रहा कि दिल्ली में पीएम 10 और पीएम 2.5 की मौजूदगी में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही पिछले 8 सालों में प्रदूषण स्तर में भी लगभग 30 प्रतिशत से ज़्यादा की कमी देखी गई है। इस वर्ष भी सरकार गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए 16 फोकस बिन्दुओं पर आधारित समर एक्शन प्लान लेकर आ रही है जिसके लिए 12 अप्रैल को सभी सम्बंधित विभागों के साथ संयुक्त बैठक की गई थी।

उस बैठक के दौरान सभी विभागों को 7 दिन अर्थात 20 अप्रैल तक समर एक्शन प्लान के तहत निर्धारित 16 फोकस बिंदुओं के आधार पर कार्ययोजना तैयार कर अपनी रिपोर्ट पर्यावरण विभाग को सौपने के निर्देश दिए गए थे। विभिन्न विभागों द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए दिल्ली सचिवालय में संयुक्त बैठक की गई। बैठक में पर्यावरण, डीपीसीसी, विकास विभाग, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड, सीपीडब्ल्यूडी, डीडीए, दिल्ली पुलिस, डीटीसी, राजस्व विभाग, डीएसआईआईडीसी, शिक्षा, डीएमआरसी, पीडब्लूडी, ट्रांसपोर्ट विभाग, एनएचएआई, दिल्ली जल बोर्ड, डूसिब, एनडीएमसी, एमसीडी आदि के अधिकारी शामिल रहें।

# जेलर वाला बाग में 1093 पात्रों को मिले फ्लैट

नई दिल्ली (एसएनबी)। 'जहां झुग्गी-वहीं मकान' योजना के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने जेलर वाला बाग स्थित फ्लैटों को ड्रा निकाला। अशोक विहार स्थित जेलर वाला बाग जेजे क्लस्टर में रह रहे 1093 लोगों को फ्लैट आवंटित किए गए। इस योजना को विकसित करने में 421.81 करोड़ की लागत आई है। खासबात यह है कि डीडीए इस योजना के तहत राजधानी भर में 376 झुग्गी कलस्टरों को विकसित कर रहा है। डीडीए के मुताबिक सभी टावरों के 8वीं मंजिल पर खुले स्थान को मनोरंजात्मक गतिविधियों के लिए विकसित किया गया है। इसके साथ ही सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी, क्लासरूम, डॉक्टर क्लीनिक, चिल्ड्रेन डे केयर सेंटर आदि भी सुविधा है। सभी टॉवरों को लिफ्ट लगाई गई हैं। टॉवरों के बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था है।

■ 'जहां झुग्गी-वहीं मकान' योजना के तहत फ्लैट आवंटित

अमर उजाला

# प्रदूषण पर कसेगा शिकंजा, 30 विभागों ने सौंपी रिपोर्ट

## मुख्यमंत्री को 24 अप्रैल को सौंपी जाएगी समर एक्शन प्लान की विस्तृत रिपोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी में प्रदूषण पर शिकंजा कसने के लिए समर एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। गर्मियों के मौसम में धूलकणों, जल और औद्योगिक इकाइयों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों पर विस्तृत कार्ययोजना केंद्रित होगी।

पिछले साल की सफलता के बाद दिल्ली सरकार की तरफ से 16 बिंदुओं पर केंद्रित समर एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक हुई। इसमें 30 विभागों ने रिपोर्ट और सुझाव पर्यावरण विभाग को सौंपे। गोपाल राय ने इसी आधार पर पर्यावरण विभाग को विस्तृत कार्ययोजना बनाने के



समीक्षा बैठक करते गोपाल राय। अमर उजाला

निर्देश दिए हैं। 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समर एक्शन प्लान की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। प्रदूषण से निपटने के लिए शुरू किए गए विंटर एक्शन प्लान के कारण दिल्ली में पीएम 10 और पीएम 2.5 की मौजूदगी में लगातार गिरावट दर्ज की गई थी। पिछले 8 सालो में प्रदूषण स्तर में भी करीब 30% की कमी दर्ज की गई। इस बार भी सरकार गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए समर एक्शन प्लान लेकर आ रही है।

इसके लिए विभागों के साथ 12 अप्रैल को संयुक्त बैठक में सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सभी विभागों को 20 अप्रैल तक समर एक्शन प्लान के तहत 16 बिंदुओं पर केंद्रित कार्ययोजना तैयार कर रिपोर्ट पर्यावरण विभाग को सौंपने के निर्देश दिए गए थे। विभिन्न विभागों की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट पर चर्चा के लिए संयुक्त बैठक की गई।

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए दीर्घकालिक और तात्कालिक योजनाएं

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि प्लान में शामिल बिंदुओं के तहत प्रदूषण नियंत्रण के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक एक्शन प्लान तैयार कर लागू करने का निर्णय लिया गया है। बैठक के बाद पर्यावरण विभाग को सभी विभागों की रिपोर्ट और सुझावों के आधार पर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। समर एक्शन प्लान का फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर उसकी विस्तृत रिपोर्ट 24 अप्रैल को केजरीवाल को सौंपी जाएगी। बैठक में पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी, विकास विभाग, कैंटोनमेंट, सीपीडब्ल्यूडी, डीडीए, पुलिस आदि के अधिकारी मौजूद रहे।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NEW DELHI | FRIDAY, 21 APRIL, 2023

# DDA conducts draw of lots for JJ dwellers of Jailorwala Bagh

OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** The DDA has conducted a draw of lots for 1,093 households for rehabilitation of dwellers of a JJ cluster at Jailorwala Bagh area here, as part of in situ rehabilitation project, officials said on Thursday. The draw was conducted on Wednesday, a senior official said.

"The Delhi Development Authority conducted a draw of lots for 1,093 households for rehabilitation of JJ dwellers of Jailorwala Bagh, Ashok Vihar as part of in situ rehabilitation project," the urban body said.

In line with the vision of Prime Minister Narendra Modi to provide housing for all, in situ, slum rehabilitation of 376 Jhuggi Jhopri clusters is being undertaken by the DDA, it said.

The objective of the rehabilitation project is to provide a better and healthy living environment to the residents of JJ clusters, with proper amenities and facilities, officials said.

At the Jailorwala Bagh site, 1,675 EWS flats of 400 sqft (424.1 sqft, including circulation area) are likely to be ready for possession by July 31. The total cost of construction incurred by DDA on the project is Rs 421.81 crore, it said in a statement.

The eligible families will have to pay Rs 1.71 lakh (Rs 1,41,000 as a beneficiary contribution of the flat + Rs 30,000 as a maintenance charge for five years). The DDA shall be subsidising each flat by an amount of approximately Rs 24 lakh, the urban body said.

Each flat comprises two rooms, a kitchen, a bathroom, a toilet and a balcony with all the civic amenities with a covered area of 400 sqft (424.1 sqft, including circulation area).

The construction of the flats has been done using the latest MIVAN technology where all components of the buildings are made of concrete, it said.

In each tower, there is an open recreational space on the eighth floor. There are community facilities in Tower C like community halls, four shops, Anganwadi, a classroom, a doctor's clinic, children's daycare centre. There is a provision of lifts in each tower, officials said.

A basement area measuring 11,024 sqm has been constructed for parking. In addition, there is a provision for surface parking, they said.

Ample green spaces measuring 9257.70 sqm have been provided within the project site. There is a provision for STP which is based on MBBR (moving bed biofilm reactor) technology, the statement said.

There is a triple water supply system; potable water shall be provided by the Delhi Jal Board. Non-potable water requirements shall be met by treated underground water and treated water from Sewage Treatment Plant, it added. The site is fenced with a boundary wall for the safety and security of residents. This is the second in situ rehabilitation project of the DDA.

In November 2022, the prime minister inaugurated 3,024 newly-constructed EWS flats at Kalkaji, Delhi built for rehabilitating slum dwellers under the in situ slum rehabilitation project, and handed over keys, ceremonially to various eligible beneficiaries of the Bhoomiheen Camp project.

the pioneer
NEW DELHI | FRIDAY | APRIL 21, 2023

# DDA draws lots for rehabilitation of 1K Jailorwala Bagh JJ dwellers

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI



The Delhi Development Authority (DDA) has conducted a draw of lots for 1,093 households for rehabilitation of dwellers of a JJ cluster at Jailorwala Bagh area, as part of in situ rehabilitation project. According to officials, the draw was conducted on Wednesday.

"The Delhi Development Authority (DDA) conducted a draw of lots for 1,093 households for rehabilitation of JJ dwellers of Jailorwala Bagh, Ashok Vihar as part of in situ rehabilitation project," the DDA said.

In situ, slum rehabilitation of 376 Jhuggi Jhopri clusters is being undertaken by the DDA.

The objective of the rehabilitation project is to provide a better and healthy living environment to the residents of JJ clusters, with proper amenities and facilities, officials said.

At the Jailorwala Bagh site, 1,675 EWS flats of 400 sqft (424.1 sqft, including circulation area) are likely to be ready for possession by July 31. The total cost of construction incurred by DDA on the project is Rs 421.81 crore, it said in a statement. The eligible families will have to pay Rs 1.71 lakh (Rs 1,41,000 as a beneficiary contribution of the flat + Rs 30,000 as a maintenance charge for five years).

The DDA shall be subsidising each flat by an amount of approximately Rs 24 lakh, the DDA said. Each flat comprises two rooms, a kitchen, a bathroom, a toilet and a balcony with all the civic amenities with a covered area of 400 sqft (424.1 sqft, including circulation area).

The construction of the flats has been done using the latest MIVAN technology where all components of the buildings are made of concrete, it said. In each tower, there is an open recreational space on the eighth floor. There are community facilities in Tower C like community halls, four shops, Anganwadi, a classroom, a doctor's clinic, children's daycare centre. There is a provision of lifts in each tower, officials said.

A basement area measuring 11,024 sqm has been constructed for parking. In addition, there is a provision for surface parking, they said. Ample green spaces measuring 9257.70 sqm have been provided within the project site. There is a provision for STP which is based on MBBR (moving bed biofilm reactor) technology, the statement said.

There is a triple water supply system; potable water shall be provided by the Delhi Jal Board. Non-potable water requirements shall be met by treated underground water and treated water from Sewage Treatment Plant, it added.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS अमर उजाला

शुक्रवार, 21 अप्रैल 2023

# डीडीए, जल बोर्ड और डूसिब में पार्षद भेजने का मामला लटका

## नगर निगम में स्थायी समिति के गठन में देरी का असर

विनोद डबास

नई दिल्ली। एमसीडी की स्थायी समिति के गठन का मामला उलझने के कारण अन्य तमाम समितियों का गठन नहीं होने के साथ-साथ डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड व दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड(डूसिब) में पार्षदों को निर्वाचित व मनोनीत करने का मसला भी लटका हुआ है। इस कारण डीडीए व दिल्ली जल बोर्ड में एमसीडी व पार्षदों से जुड़े मुद्दे नहीं उठ पा रहे है। दरअसल, एमसीडी के सदन की बैठक नियमित नहीं होने के कारण डीडीए, दिल्ली शहरी आश्रय सुधारे बोर्ड व दिल्ली जल बोर्ड में पार्षदों को भेजने की पहल नहीं हो पा रही है।

एमसीडी से डीडीए, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड व दिल्ली जल बोर्ड में दो-दो पार्षदों को भेजा जाता है। डीडीए में दोनों पार्षदों को एमसीडी के सदन में चुनाव करके भेजा जाता है।

इस दौरान पार्षदों की अधिक वोट प्राप्त करने वाले दो पार्षद के सदस्य चुने जाते है। इन सदस्यों का उनके पार्षद कार्यकाल तक कार्यकाल रहता है, वहीं दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड व दिल्ली जल बोर्ड में दो-दो पार्षद महापौर मनोनीत करता है। इस संबंध में सदन उनको अधिकार देता है। इन दोनों बोर्ड में सत्तापक्ष की सिफारिश के तहत महापौर पार्षदों को मनोनीत करता है। इन सदस्यों का दो साल का कार्यकाल होता है। मगर इस बार डीडीए व दो बोर्ड में पार्षदों को नहीं भेजा गया है।

### स्थायी समिति का मामला कोर्ट में विचाराधीन

एमसीडी के मुताबिक सदन से स्थायी समिति के छह सदस्यों का चुनाव विवादों में आने के कारण डीडीए, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड व दिल्ली जल बोर्ड में पार्षदों का भेजने का मामला लटका हुआ है। दरअसल, स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। एमसीडी में दलीय स्थिति के अनुसार आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ है। इस कारण दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड व दिल्ली जल बोर्ड में उसके पार्षदों का मनोनीत होना तय है। महापौर आप की सिफारिश के तहत पार्षदों को मनोनीत करेगी। वहीं डीडीए में आप व भाजपा का एक-एक पार्षद जाने की संभावना है।

# झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले 1093 परिवारों के लिए निकाला ड्रॉ



नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने बृहस्पतिवार को इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के तहत जेलरवाला बाग, अशोक विहार के झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले 1093 परिवारों के लिए ड्रा ऑफ लॉट्स का आयोजन किया। यह डीडीए की दूसरी परियोजना है। डीडीए के अनुसार आगामी 31 जुलाई तक 400 वर्गफुट (सर्कुलेशन एरिया सहित 424.1 वर्गफुट) के 1675 ईडब्ल्यूएस फ्लैट कब्जे के लिए तैयार कर लिए जाने की संभावना है। इस परियोजना पर डीडीए ने 421.81 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। पात्र परिवारों को 1,71,000 रुपये (1,41,000 रुपये फ्लैट के लाभार्थी योगदान व 30,000 रुपये पांच वर्ष के लिए रखरखाव प्रभारों) का भुगतान करना होगा। डीडीए प्रत्येक फ्लैट के लिए लगभग 24 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। ब्यूरो

पंजाब केसरी

**झुग्गी बस्ती के 1,093 परिवारों का किया जाएगा पुनर्वास**

# डीडीए ने जेलरवाला बाग में झुग्गी-बस्ती के निवासियों के लिए ड्रॉ निकाला

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने जेलरवाला बाग इलाके में झुग्गी बस्ती के निवासियों की पुनर्वास परियोजना के सिलसिले में 1,093 परिवारों के लिए ड्रॉ निकाला है। डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि ड्रॉ बुधवार को निकाला गया। अधिकारी ने कहा कि डीडीए ने जेलरवाला बाग, अशोक विहार के झुग्गी-बस्ती निवासियों के पुनर्वास के लिए 1,093 परिवारों की पुनर्वास परियोजना के तहत ड्रॉ का आयोजन किया। डीडीए ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी को आवास उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण के अनुरूप डीडीए की ओर से 376 झुग्गी झोपड़ी समूहों का पुनर्वास किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि पुनर्वास परियोजना का उद्देश्य जेजे क्लस्टर के निवासियों को उचित सुख-सुविधाओं के साथ बेहतर और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। जेलरवाला बाग में 424 वर्गफुट के 1,675 ईडब्ल्यूएस फ्लैट 31 जुलाई तक तैयार होने की संभावना है। परियोजना पर डीडीए द्वारा किए गए निर्माण की कुल लागत 421.81 करोड़ रुपए है।



**हर टावर में है लिफ्ट की व्यवस्था...** डीडीए के अधिकारी ने बताया कि यहां पार्किंग के लिए 11024 वर्गमीटर के बेसमेंट का निर्माण किया गया है। इसके अलावा, सरफेस पार्किंग की भी व्यवस्था है। परियोजना स्थल के भीतर 9257.70 वर्गमीटर के पर्याप्त हरित स्थान की व्यवस्था की गई है। यहां एसटीपी का प्रावधान है, जो मूविंग बेड बायोफिल्म रिएक्टर (एमबीबीआर) तकनीक पर आधारित है। इसमें पीने योग्य पानी की व्यवस्था दिल्ली जल बोर्ड द्वारा की जाएगी। गैर-पीने योग्य पानी की आवश्यकताओं को शोधित भूमिगत जल और एसटीपी से शोधित जल से पूरा किया जाएगा। इसके अलावा निवासियों की सुरक्षा के लिए यह स्थल चारदीवारी से घिरा हुआ है।

THE HINDU

# DDA conducts draw of lots for Jailorwala Bagh in situ project

**The Hindu Bureau**
NEW DELHI

The Delhi Development Authority (DDA) has conducted a draw of lots for 1,093 households for the in situ rehabilitation project at Jailorwala Bagh, Ashok Vihar, officials said on Wednesday.

The urban body said 1,675 flats being built for the Economically Weaker Sections in this project would likely be handed over by July 31.